




... सिर्फ सच का साथ

# जनमुख

वाराणसी, शुक्रवार, 10 अप्रैल-2026

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

वाराणसी, लखनऊ, दिल्ली एवं पूर्वी उत्तर प्रदेश व पश्चिमी बिहार में प्रसारित

● वर्ष-43 ● अंक 192 ● पृष्ठ 8 ● मूल्य 2 रुपया










# हुमायूं-ओवैसी गठबंधन धराशायी

## TMC का स्टिंग वीडियो सामने आने के बाद AIMIM ने किया किनारा

**● एजेयूपी ने वीडियो को बताया एआई जनरेटेड, करेगा मानहानि का दावा**

**कोलकाता/चेन्नई।** असदुद्दीन ओवैसी की एआईएमआईएम ने हुमायूं कबीर की 'आम जनता उन्नयन पार्टी' (एजेयूपी) के साथ अपना गठबंधन तोड़ दिया है। यह कदम तब उठाया गया, जब सत्ताधारी तृणमूल कांग्रेस ने एक कथित 'स्टिंग वीडियो' जारी किया। इस वीडियो में कबीर को कथित तौर पर पश्चिम बंगाल के मुसलमानों और बीजेपी के साथ अपने 'संबंधों' को लेकर विवादित दावे करते हुए दिखाया गया है। कबीर, जिन्हें पिछले साल के आखिर में तृणमूल से निलंबित कर दिया गया था और जिन्होंने बाद में अपनी पार्टी एजेयूपी बनाई, ने इस वीडियो को 'एआई-जनरेटेड' (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस द्वारा बनाया गया) बताकर खारिज कर दिया है। एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में सत्ताधारी पार्टी ने यह भी आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री कार्यालय (PMO) एक बहु-करोड़ की योजना का हिस्सा था, जिसका मकसद आगामी पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनावों में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को हराना था। टीएमसी द्वारा जारी किए गए वीडियो में कबीर को कथित तौर पर यह दावा करते हुए सुना जा सकता है कि वह



पीएमओ के संपर्क में थे और उन्हें बीजेपी-शासित राज्यों के नेताओं के साथ तालमेल बिठाने की सलाह दी गई थी, जिनमें विपक्ष के नेता सुवेंदु अधिकारी और असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा शामिल हैं। इस वीडियो में कबीर के कुछ कथित बयान भी शामिल थे, जिनमें यह सुझाव दिया गया था कि 'मुसलमानों को बेवकूफ़ बनाना आसान है,' साथ ही बाबरी मस्जिद मुद्दे का ज़िक्र और 200 करोड़ रुपये की अग्रिम राशि की कथित मांग भी शामिल थी। इस क्लिप में कथित तौर पर कबीर को एक ऐसी रणनीति बताते हुए भी दिखाया गया है, जिसका मकसद अल्पसंख्यकों के वोटों को टीएमसी से दूर करना है। उनका सुझाव है कि इस तरह के बदलाव से भाजपा को चुनावी फ़ायदा मिल सकता है। इसके अलावा, उन्हें कथित तौर पर 1,000 करोड़ रुपये की एक योजना का ज़िक्र करते हुए भी सुना गया है, जिसमें उन्होंने दावा किया है कि 200 करोड़ रुपये उन्हें पहले ही एडवांस के तौर पर मिल चुके हैं। तृणमूल कांग्रेस ने इस वीडियो में सामने आए दावों की प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) से जाँच कराने की माँग की है। हालाँकि, कबीर ने टीएमसी नेतृत्व पर अपने खिलाफ एक बदनामी भरा अभियान चलाने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि वह पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के खिलाफ मानहानि की कार्रवाई शुरू करेंगे। बताते चलें कि बंगाल में वोटिंग दो चरणों में 23 अप्रैल और 29 अप्रैल को होगी जबकि तमिलनाडु में सभी सीटों पर 23 अप्रैल को वोट डाले जाएंगे।

## वेतन वृद्धि की मांग को लेकर नोएडा में होजरी कॉम्प्लेक्स के सैकड़ों कर्मचारियों ने किया प्रदर्शन

**नोएडा।** गुरुग्राम के बाद अब नोएडा में भी कर्मचारियों ने हल्ला बोल दिया। शुक्रवार को फेज-2 थाना क्षेत्र के होजरी कॉम्प्लेक्स में सैकड़ों कर्मचारियों ने जोरदार प्रदर्शन किया। कर्मचारियों ने वेतन वृद्धि की मांग को लेकर नारेबाजी की और प्रबंधन के खिलाफ जमकर नाराजगी जताई। उन्होंने आरोप लगाया कि लंबे समय से उनकी मांगों को नजरअंदाज किया जा रहा है। प्रदर्शन की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए भारी पुलिस बल और पीएसी की तैनाती कर दी गई है। कर्मचारियों का कहना है कि महंगाई के इस दौर में वेतन नहीं बढ़ाए जाने से उनका गुजारा मुश्किल हो गया है। उन्होंने प्रबंधन से तुरंत वेतन बढ़ोतरी करने की मांग की है।

## असम सीएम की पत्नी के पासपोर्ट विवाद मामले में पवन खेड़ा को राहत

**नई दिल्ली।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा की पत्नी रिनिकी भुइयां सरमा की ओर से दायर एफआईआर के मामले में कांग्रेस नेता पवन खेड़ा को शुक्रवार को तेलंगाना हाई कोर्ट से राहत मिल गई है। कोर्ट ने उन्हें एक हफ्ते के लिए अग्रिम जमानत दे दी। यह मामला हिमंत बिस्वा सरमा की पत्नी रिनिकी भुइयां सरमा ने दायर किया था। पवन खेड़ा ने उन पर कई पासपोर्ट रखने के आरोप लगाए थे। अदालत ने कहा कि याचिकाकर्ता (खेड़ा) को संबंधित कोर्ट में अर्जी दाखिल करने के लिए एक हफ्ते का समय दिया जाता है। खेड़ा के खिलाफ असम पुलिस ने तब मामला दर्ज किया, जब उन्होंने यह दावा किया कि भुइयां के पास कई पासपोर्ट और विदेशों में अघोषित संपत्तियां हैं। इस सप्ताह की शुरुआत में असम पुलिस ने दिल्ली स्थित उनके आवास की तलाशी भी ली थी, जिसके बाद कांग्रेस नेता ने तेलंगाना हाई कोर्ट का रुख किया।

## बंगाल के लिए जारी घोषणापत्र में भाजपा ने किए लुभावने वादे

**● 45 दिन में सातवां वेतन आयोग, यूसीसी भी लागू होगा, महिलाओं को हर महीने तीन हजार**

**कोलकाता।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह आज शुक्रवार को पश्चिम बंगाल के दौरे में है। इस दौरान वह विधानसभा चुनाव के लिए भारतीय



जनता पार्टी (भाजपा) का घोषणापत्र जारी कर रहे हैं। पार्टी ने इसे भरोसे का पत्र नाम दिया है। घोषणापत्र में समाज के सभी वर्गों को शामिल किए जाने की उम्मीद है। हालांकि इसमें महिलाओं के विकास, किसानों और युवाओं पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। अपनी यात्रा से पहले अमित शाह ने कहा कि पश्चिम बंगाल तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) से त्रस्त है और इस बार परिवर्तन चाहता है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव 2026 के लिए भारतीय जनता पार्टी का घोषणापत्र जारी करते हुए इसे 'भरोसे का पत्र' बताया। अमित शाह के अनुसार, इस घोषणापत्र में किसानों, युवाओं और महिलाओं के लिए विशेष योजनाएं शामिल हैं। इसके अलावा अमित शाह ने सरकारी कर्मचारियों के लिए बड़ा एलान करते हुए कहा कि सभी सरकारी कर्मचारियों और वेतनभोगियों के लिए डीए सुनिश्चित किया जाएगा और 45 दिनों के भीतर ही सातवें वेतन आयोग और आयुष्मान भारत समेत भारत सरकार की सभी योजनाओं को लागू करेंगे। साथ ही छह माह के अंदर ही यूसीसी भी लागू करेंगे। महिलाओं के लिए एलान करते हुए कहा कि हमारी सरकार 'लक्ष्मी भंडार' योजना के लाभार्थियों को हर महीने 1 से 5 तारीख तक खाते में 3 हजार रुपए ट्रांसफर करेगी।

## यूपी की अंतिम मतदाता सूची जारी

**● 13.39 करोड़ मतदाता, 84 लाख वोटरों की बढ़ोत्तरी**

**लखनऊ।** यूपी में 166 दिन तक चली विशेष गहन पुनरीक्षण प्रक्रिया के बाद (एसआईआर) प्रदेश की अंतिम मतदाता सूची जारी कर दी गई। इस सूची के अनुसार प्रदेश में 13 करोड़ 39 लाख 84 हजार 792 मतदाता हैं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी के अनुसार मसौदा मतदाता सूची के सापेक्ष अंतिम मतदाता



सूची में कुल 84 लाख 28 हजार 767 मतदाताओं की वृद्धि हुई है। प्रदेश के कुल मतदाताओं में 54.54 प्रतिशत पुरुष जबकि 45.46 प्रतिशत महिला मतदाता हैं। प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने शुक्रवार को प्रेसवार्ता में अंतिम मतदाता सूची की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि जिन लोगों के नाम छूट गए हैं वो मतदाता फॉर्म 6 भरकर सूची में शामिल हो सकते हैं। जारी की गई अंतिम मतदाता सूची के अनुसार, प्रदेश में पुरुष मतदाताओं की संख्या 7 करोड़, 30 लाख, 71 हजार 61 है। जबकि महिला मतदाताओं की संख्या 6 करोड़, नौ लाख, नौ हजार 525 है। वहीं, तृतीय लिंग के मतदाताओं की संख्या 4 हजार 206 है। प्रदेश में 18 से 19 आयुवर्ग के मतदाताओं की कुल संख्या 17 लाख, 63 हजार 360 है।

## जस्टिस यशवंत वर्मा ने दिया इस्तीफा, घर में मिले थे जले हुए नोट

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट में तैनात जस्टिस यशवंत वर्मा ने इस्तीफा दे दिया है। उनके दिल्ली वाले घर में भारी मात्रा में जले हुए नोट मिलने के मामले में उनके खिलाफ आंतरिक जांच चल रही थी। साथ ही महाभियोग की भी चर्चा थी। इसी बीच उन्होंने पद से त्याग पत्र दे दिया है। दिल्ली वाले घर में जले हुए कैश मिलने के बाद उनका स्थानांतरण इलाहाबाद हाईकोर्ट में कर दिया गया था। पांच अप्रैल 2025 को उन्होंने शपथ ग्रहण किया था। न्यायिक कार्य से उनको फिलहाल अलग किया गया था। उनके खिलाफ महाभियोग लाने के मामले में कमेटी का गठन किया गया है। कई सांसदों ने संसद में जस्टिस वर्मा को हटाने के लिए नोटिस दिया था। फिलहाल जस्टिस वर्मा के खिलाफ आतंरित जांच कमेटी जांच कर रही है।

## ये बदतमीजी की भाषा कहां से लेकर आते हैं?



**● जाति-जनगणना रोकने वाली याचिका दायर करने वाले को फटकार**

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट में शुक्रवार को सीजेआई सूर्यकांत ने एक याचिककर्ता को कड़े शब्दों में फटकार लगा दी। सुप्रीम कोर्ट में सीजेआई सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची और न्यायमूर्ति विपुल पंचोली की पीठ ने इस याचिका को खारिज कर दिया। इस दौरान सीजेआई सूर्यकांत ने याचिकाकर्ता से कहा, 'आप इस याचिका में इस्तेमाल की गई भाषा कहां से सीखते हैं? ये बदतमीजी की भाषा कहां से लेकर आते हैं आप लोग? आप लोग याचिका कैसे लिखते हैं?'

## ISI के बड़े जासूसी नेटवर्क का भंडाफोड़, 11 गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई द्वारा चलाए जा रहे बड़े जासूसी नेटवर्क का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने अलग-अलग जगहों से गिरोह के 11 सदस्यों को गिरफ्तार किया है। इस गिरोह के सदस्य देश के अलग-अलग हिस्सों में कैमरे लगा रहे थे। पुलिस के अनुसार, कुछ दिन पहले ऐसे ही नेटवर्क का गाजियाबाद में भी खुलासा किया गया था। टेरर मॉड्यूल की तरह काम कर रहे थे। शुरुआती जांच में पता चला कि आरोपियों ने देश के अलग-अलग हिस्सों में नौ जगहों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए थे। कठुआ से उत्तर भारत में कई जगह सेना से जुड़े प्रतिष्ठान पर कैमरे लगाए लगाए थे। पुलिस के मुताबिक, ये मॉड्यूल जासूसी गतिविधियों और आतंकी गतिविधियों में भी शामिल था। ये पाकिस्तान से हथियार भी मंगा रहे थे।

## यूपी-एमपी में 6 से 10 डिग्री तक बढ़ सकता है पारा

**भोपाल/लखनऊ/शिमला/देहरादून।** उत्तर प्रदेश में इस हफ्ते बारिश की संभावना नहीं है। बीते दो दिन में 50 से ज्यादा जिलों में बारिश-ओलावृष्टि का असर रहा। राज्य का तापमान 10डिग्री सेल्सियस तक बढ़ सकता है। राजस्थान में आंधी-बारिश का दौर थमने के साथ तापमान बढ़ने लगा है। अगले 2 सप्ताह में गर्मी तेज होने के साथ कुछ शहरों का तापमान 40°C या उससे ऊपर जा सकता है। देश के अरुणाचल प्रदेश, असम समेत 9 राज्यों में बारिश-आंधी की आशंका है। हिमाचल प्रदेश में अप्रैल में अब तक सामान्य से 200 प्रतिशत ज्यादा बारिश हो चुकी है। आमतौर पर 2-9 अप्रैल के बीच 17.6mm बारिश होती थी, इस बार 52.6mm हुई। राज्य के अधिकतम तापमान में भी 6.4ष्टण की कमी आई है।

## होर्मुज में ईरान के टैक्स लेने पर ट्रंप ने फिर धमकाया

### समझौते का पालन नहीं किया गया तो दोबारा करेंगे हमला

**● बारूदी सुरंगें बिछाये बैठी हैं ईरानी सेना**



**वॉशिंगटन।** युद्धविराम की घोषणा के साथ जीत की दावा करते हुए ईरान और अमेरिका एक-दूसरे पर दबाव बनाने की कोशिश कर रहे थे कि इसी बीच अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान द्वारा होर्मुज जलडमरूमध्य से तेल की आवाजाही को बाधित करने के तरीके पर चिंता व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि ईरान इस मामले में बहुत खराब काम कर रहा है और इसे अशोभनीय बताया। ट्रंप ने सोशल मीडिया पर लिखा, 'ईरान होर्मुज जलडमरूमध्य से तेल को गुजरने देने के मामले में बहुत गलत कर रहा है, कुछ लोग इसे अशोभनीय कहेंगे। यह वह समझौता नहीं है जो हमने किया है।' ट्रंप ने चेतावनी दी है कि अगर ईरान समझौते का पालन नहीं करता है तो अमेरिकी सेना पहले से भी ज्यादा कठोर कार्रवाई करेगी। ट्रंप की यह टिप्पणी तेल टैंकरों से शुल्क लेने की रिपोर्टें सामने आने के बाद आई है। इससे पहले ट्रंप ने यह भी ट्वीट किया था कि ऐसी रिपोर्टें हैं कि ईरान होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजरने वाले टैंकरों से शुल्क ले रहा है। उन्हें ऐसा नहीं करना चाहिए और अगर वे कर रहे हैं, तो उन्हें अभी बंद कर देना चाहिए।' व्हाइट हाउस युद्धविराम समझौते के हिस्से के रूप में जलडमरूमध्य को फिर से खोलने का समर्थन करता है। ईरान की समाचार एजेंसियों ने खबर दी है कि ईरानी सेना ने होर्मुज जलडमरूमध्य में बारूदी सुरंगें बिछा दी हैं, जो तेल परिवहन का एक महत्वपूर्ण मार्ग है और जिसे तेहरान ने बंद कर दिया है।




जनमुख हिन्दी दैनिक City लाईव
● तापमान अधिकतम : 36.7°C
● तापमान न्यूनतम : 20.8°C
● सूर्योदय : 06.11
● सूर्यास्त : 06.05
वाराणसी, 10 अप्रैल, शुक्रवार, 2026 (3)





बीएचयू दक्षिणी परिसर में 'सुरक्षित बैंकिंग और आरबीआई लोकपाल जागरूकता वित्तीय साक्षरता कार्यक्रम में शामिल प्रतिभागी।


जनमुख डेस्क

# चले गए बादल, अब चढ़ेगा पारा

## चलेंगी गर्म हवाएं, रिकार्ड तोड़ेगी गर्मी, 45 पर पहुंचेगा तापमान

### ● मौसम साफ होने से गेहूं की कटाई और मड़ाई में होगी आसानी

**वाराणसी।** पिछले एक हफ्ते से जारी आंधी-बारिश और ओलों के सिलसिला आज शुक्रवार से थम गया है। मौसम विभाग के मुताबिक, पश्चिमी विक्षोभ अब कमजोर पड़ रहा है। इससे भयंकर गर्मी पड़ेगी। शहर में हालांकि अधिकतम तापमान सामान्य से चार डिग्री सेल्सियस नीचे रहा, फिर भी बनारस पूरे प्रदेश में सर्वाधिक गर्म शहर रहा। यहां अधिकतम तापमान 34.1 रहा तो दूसरे स्थान पर प्रयागराज रहा, जहां अधिकतम तापमान 34 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। तीसरे स्थान पर जनपद के दूसरे हिस्से में बाबतपुर में अधिकतम तापमान 32.8 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। चौथे स्थान पर सुल्तानपुर जनपद में तापमान 32.3 रहा। अगले 15 दिनों तक मौसम साफ रहेगा। बारिश नहीं होगी। पारा 10°C तक उछलकर 45°C के पार पहुंचेगा। 25 से 30 किमी. की रफ्तार से गर्म हवाएं चलेंगी। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग के लखनऊ स्थित आंचलिक कार्यालय के वरिष्ठ



मौसम विज्ञानी डा. अतुल कुमार सिंह ने बताया कि शुक्रवार से आगामी तीन दिनों तक सतह पर तेज हवा चल सकती है। इस दौरान बादल पूरी तरह से छट जाएंगे और तापमान में वृद्धि का क्रम जारी रहेगा जो आगामी दस दिनों में आठ से 10 डिग्री तक बढ़ सकता है। यदि ऐसा हुआ तो अप्रैल माह के दूसरे पखवारे में अधिकतम तापमान 45 डिग्री सेल्सियस तक जा सकता है। वहीं मौसम साफ होने से किसानों को राहत मिलेगी। क्योंकि, गेहूं की कटी पड़ी फसलें भीग गई थीं। तेज धूप होने से फसलें जल्दी सूखेंगी। इससे किसान जल्द से जल्द मड़ाई कर पाएंगे। फसलों के दाने काले पड़ने की आशंका कम होगी।

## शिक्षा के अधिकार के तहत चयनित बच्चों को नहीं मिल रहा एडमिशन

### ● स्कूल वालों की बहाने बाजी से अभिभावक परेशान, डीएम ने दी कार्रवाई की चेतावनी

**वाराणसी।** RTE 'शिक्षा का अधिकार' के तहत बच्चों का चयन लाटरी के जरिए तो कर लिया गया लेकिन इन्हें एडमिशन नहीं मिल पा रहा है। ज्यादातर बच्चों के पैरेंट्स स्कूलों का चक्कर लगा रहे हैं लेकिन कुछ स्कूलों में कागज आदि के बहानेबाजी बनाकर तो कुछ सीधे एडमिशन क्लोज



होने का बहाना बना रहे हैं। इसकी शिकायत अब जिलाधिकारी व जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के पास पहुंचने लगी है। दरअसल, जनपद में तीन चरणों में लाटरी के जरिए 8625 बच्चों का चयन किया गया था। इस मामले को गंभीरता से लेते हुए जिलाधिकारी ने ऐसे समस्त गैर सहायता प्राप्त व मान्यता प्राप्त विद्यालयों को कहा है कि यदि चयनित छात्र-छात्राओं के एडमिशन करने से कोई भी स्कूल संचालक इन्कार करता है तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## नशेड़ी बेटे के खिलाफ पिता ने दर्ज कराया मुकदमा

**वाराणसी।** लंका थाना क्षेत्र के शिवशक्ति नगर, डाफी में रहने वाले योगेश्वर उपाध्याय ने अपने बड़े बेटे दिव्यांशु उपाध्याय के खिलाफ मारपीट और धमकी का मामला दर्ज कराया है। योगेश्वर का आरोप है कि दिव्यांशु ने न केवल उनके साथ मारपीट की, बल्कि गाली-गलौज करते हुए देशी कट्टे से जान से मारने की कोशिश भी की। पिता योगेश्वर ने बताया कि उनका बड़ा बेटा दिव्यांशु चरस, गाँजा, हेरोइन और शराब का सेवन करता है, जिसके कारण वह अक्सर झगड़ा करता है। उन्होंने आरोप लगाया कि दिव्यांशु के दो मित्र, शक्ति सेठ और रवि यादव, जो अपराधिक प्रवृत्ति के हैं, नशे और देशी कट्टा सप्लाई करते हैं। दिव्यांशु ने इन्हीं दोस्तों से कट्टा लेकर घर में लड़ाई-झगड़ा करते हुए जान लेने की कोशिश की।

## बनारस हॉकी लीग 29 अप्रैल से 7 मई तक

### ● डॉ. भीमराव अंबेडकर क्रीड़ा संकुल में प्रतियोगिता का आयोजन



**वाराणसी।** हॉकी वाराणसी और विकास इंटर कालेज के संयुक्त प्रयास से बनारस हॉकी लीग का आयोजन 29 अप्रैल से 7 मई तक डॉ भीमराव अंबेडकर क्रीड़ा संकुल, बड़ा लालपुर में किया जाएगा। इस लीग में महिला और पुरुष दोनों वर्ग की टीमें भाग लेंगी। हॉकी वाराणसी के अध्यक्ष डॉ. एके सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि मैच सुबह और शाम के सत्र में खेले जाएंगे। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले खिलाड़ियों के लिए यह आवश्यक है कि उनके आधार कार्ड में वाराणसी का पता अंकित हो। इसके अलावा, जो क्लब और संस्थाएं इस लीग में भाग लेना चाहती हैं, उन्हें हॉकी प्रतियोगिता में पंजीकरण कराना होगा। पंजीकरण प्रक्रिया के बाद ही खिलाड़ियों का पंजीकरण किया जाएगा।

### गंगा की रेत पर हैंडबाल, 96 महिला खिलाड़ियों का दिखेगा दमखम

**वाराणसी।** देश के कई हिस्सों में खेला जाने वाला बीच हैंडबाल पहली बार वाराणसी में होगा। इसके लिए गंगा की रेत पर कोर्ट तैयार किया जा रहा है। इसके तैयार होने के बाद अभ्यास मैच फिर फाइनल मुकाबला होगा। इस आयोजन के सफल होने पर बीच हैंडबाल को बढ़ावा देने के लिए प्रयास किया जाएगा। यूपी एडवेंचर स्पोर्ट्स क्लब की ओर से बीच हैंडबाल प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। 14 अप्रैल को सुबह आठ बजे से गढ़वा घाट आश्रम के सामने रेत पर होने वाली प्रतियोगिता के चेयरमैन डा. एके सिंह के अनुसार इसमें 96 महिला हैंडबाल खिलाड़ी हिस्सा लेंगी। इनमें 14 खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तर की हैं।

## मछुआरा समाज को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने में जुटी है प्रदेश सरकार : संजय निषाद



**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** प्रदेश के मत्स्य मंत्री डॉ. संजय कुमार निषाद गुरूवार को वाराणसी जिले के दौरे के दौरान सर्किट हाउस सभागार में पत्रकारो से वार्ता करते हुए कहा कि केंद्र व राज्य सरकार मछुआरा समाज के उत्थान के लिए विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाएं संचालित कर रही हैं। प्रदेश में मछुआरा समाज को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने का कार्य निरंतर किया जा रहा है। प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के अंतर्गत 01 लाख से अधिक मछुआ समाज के लोगों को सब्सिडी देकर स्वरोजगार से जोड़ा गया है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री के ड्रीम प्रोजेक्ट के तहत एशिया की सबसे बड़ी इंटीग्रेटेड मछली मंडी जनपद चंदौली में स्थापित की गई है।

## दिल्ली-यूपी के बीच पहली बार अन्तरप्रांतीय कैरम टेस्ट श्रृंखला 19 अप्रैल से

**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** दिल्ली और उत्तर प्रदेश के बीच पहली बार 19 अप्रैल को कैरम खेल की अन्तर प्रान्तीय टेस्ट श्रृंखला शुरू हो रही है। यह श्रृंखला गंगा जमुना कैरम टेस्ट सीरीज के नाम से जानी जाएगी। ग्रेटर नोएडा के जे0डी0 क्लब में इस श्रृंखला की शुरुआत होगी। दिल्ली और उत्तर प्रदेश के पुरुष वर्ग के शीर्षस्थ 6- 6 खिलाड़ी स्टेट श्रृंखला में भाग लेंगे। सदस्य उत्तर प्रदेश की टीम में वाराणसी के शिवदयाल को शामिल किया गया है।

## कूड़ा उठाने वाली 1.80 करोड़ की ड्रेन मास्टर मशीन का लोकार्पण



**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** नालों की सफाई को और गति देने के लिए गुरुवार को महापौर अशोक कुमार तिवारी ने 1.80 करोड़ रुपये की लागत वाली अत्याधुनिक एमीफीबियस ड्रेन मास्टर मशीन का लोकार्पण किया। उद्घाटन के बाद महापौर ने स्वयं मशीन चलाकर उसकी कार्यप्रणाली को परखा। यह मशीन अपनी विशिष्ट तकनीक के कारण सूखे स्थान, गहरे कीचड़ और पानी, तीनों ही परिस्थितियों में सुचारू रूप से कार्य करने में सक्षम है। 30 टन प्रतिदिन की कचरा निस्तारण क्षमता वाली इस मशीन का मुख्य उपयोग शहर के बड़े नालों, पोखरों और तालाबों की सफाई के साथ-साथ गंगा व वरुणा नदी में जमी सिल्ट (कीचड़) को निकालने के लिए किया जाएगा। ऐसे में इस मशीन के आने से बरसात के दिनों में होने वाले जलभराव की समस्या से निजात मिलने की संभावना है।

## महानगर युवा कांग्रेस की नवगठित कमेटी की बैठक

# जमीनी स्तर पर पार्टी को मजबूत करने का संकल्प

### ● मोहसिना किदवई के निधन पर जताया शोक

**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** महानगर युवा कांग्रेस की नवगठित कमेटी की एक महत्वपूर्ण संगठनात्मक बैठक एवं सम्मान समारोह गुरुवार को मैदागिन स्थित राजीव भवन पार्टी कार्यालय में वरिष्ठ नेताओं के मार्गदर्शन में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में युवा कांग्रेस पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं वरिष्ठ नेता शामिल रहे। मुख्य अतिथि के रूप में वरिष्ठ नेता अनिल श्रीवास्तव, पूर्व जिलाध्यक्ष प्रजानाथ शर्मा एवं



राष्ट्रीय सचिव युवा कांग्रेस रोशनी जायसवाल उपस्थित रहीं। बैठक की अध्यक्षता महानगर अध्यक्ष राघवेंद्र चौबे ने किया। संयोजन महानगर अध्यक्ष युवा कांग्रेस चंचल शर्मा द्वारा किया गया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में वरिष्ठ नेता ओमप्रकाश ओझा, फ़साहत हुसैनू, मनीष मोरोलिया, अरविंद किशोर राय, देवेंद्र सिंह एवं सुनील श्रीवास्तव भी उपस्थित रहे। बैठक के दौरान संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने, युवाओं की अधिकतम भागीदारी सुनिश्चित करने, आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार करने तथा जनहित के मुद्दों पर सक्रिय भूमिका निभाने को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। अंत में पूर्व केंद्रीय मंत्री मोहिसीना किदवई के निधन पर शोक व्यक्त किया गया।


## सीसी मार्ग निर्माण की गुणवत्ता परखने पहुंचे नगर आयुक्त



**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** नगर आयुक्त हिमांशु नागपाल द्वारा बुधवार को फुलवरिया क्षेत्र में चल रहे सीसी मार्ग निर्माण कार्य का स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान नगर आयुक्त द्वारा निर्माण कार्य की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से स्वयं मौके पर सीसी मार्ग के कंक्रीट बेस की खुदाई कराकर उसकी मोटाई की जांच की गई। जांच में कंक्रीट बेस की मोटाई निर्धारित मानकों के अनुरूप पाई गई, जिस पर नगर आयुक्त ने संतोष व्यक्त लेकिन साथ ही यह सख्त हिदायत भी दी कि किसी भी परियोजना में किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरती जाए। निर्माण कार्यों में किसी भी प्रकार की अनियमितता या लापरवाही पाई जाती है तो कोई भी हो, कार्रवाई से बच नहीं पाएगा।




## सुरक्षित बैंकिंग कार्यक्रम में प्रतिभागियों को दी गयी अहम जानकारी



**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** डीडीयू कौशल केंद्र, राजीव गांधी दक्षिणी परिसर, बीएचयू द्वारा भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई), लखनऊ के सहयोग से 'सुरक्षित बैंकिंग और आरबीआई लोकपाल जागरूकता' शीर्षक से एक वित्तीय साक्षरता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन परिसर के आचार्य प्रभारी प्रोद बी.एम.एन. कुमार और डीडीयू कौशल केंद्र के समन्वयक डॉ. आर.एस. मिश्रा ने प्रतिष्ठित विशेषज्ञों के एक पैनल की उपस्थिति में किया। पैनल में संदीप मिश्रा (प्रबंधक, आरबीआई लखनऊ), दिशांत चंद्रायन (प्रबंधक, आरबीआई लखनऊ), अभिषेक ओझा, विवेक मिश्रा और रोहित त्रिपाठी (आरओ फाउंडेशन से) शामिल थे। इस कार्यक्रम का उद्देश्य प्रतिभागियों को सुरक्षित बैंकिंग प्रथाओं और बैंकिंग शिकायतों के निवारण में आरबीआई लोकपाल की भूमिका के बारे में जागरूक करना था। प्रतिभागियों ने विशेषज्ञों से व्यावहारिक ज्ञान एवं मार्गदर्शन प्राप्त किया।

## होमियोपैथिक डीलर्स एसोसिएशन ने हैनिमैन जयंती मनायी



**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** वाराणसी होम्योपैथिक डीलर्स एसोसिएशन, वाराणसी एवं चन्दौली द्वारा डा. क्रिश्चियन फ्रेडरिक सैमुअल हैनिमैन की 271वीं जयंती समारोह धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर प्रातः सात बजे रविदास गेट, लंका से मालवीय गेट तक एक जन-जागरूकता रैली निकाली गयी। रैली को उत्तर प्रदेश गौरव सम्मान प्राप्त डा.के.के.शुक्ला ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर डा. अपर्णा, डा. पूनम पाण्डेय, डा. मधु गोस्वामी, डा. मोनिका, डा.के.के. पाठक, डा. अमित कुमार, हीरक मुखर्जी, डा. सौरभ गुप्ता, विवेक जायसवाल, शशि प्रकाश वार्ष्णेय, घनश्याम गुप्ता, डा. ऋषि गांधी, अजय शर्मा, डा. पवन गुप्ता, नियाज अहमद, सलमान रिजवी, सतीश सिंह आदि उपस्थित रहे।

जनमुख
परामर्श मंडल

एस. कुमार
राष्ट्रीय अध्यक्ष
सिंधी काउंसिल ऑफ इंडिया

संतोष अग्रवाल हरे कृष्ण ज्वैलर्स
सभापति, श्री काशी अग्रवाल समाज

श्रीनारायण खेमका
अध्यक्ष : अखिल भारतीय मारवाड़ी सम्मेलन

वी.के.जैन
अध्यक्ष
जैन मिलन, वाराणसी

डा. एस.के.पाठक
वरिष्ठ चिकित्सक

डा. नीलम ओहरी
स्त्री रोग विशेषज्ञ

प्रधान सम्पादक
ब्रजेश कुमार राय 'शर्मा'

समाचार सम्पादक
सरोज सिन्हा

स्वात्वाधिकारी व स्वामी ब्रजेश कुमार राय 'शर्मा' द्वारा 'गिरीश प्रिंटिंग प्रेस से मुद्रित एवं कार्यालय बी 3/1 काशीराज अपार्टमेंट नदेसर 221002 वाराणसी से प्रकाशित एवं प्रसारित।

रजि.33134/78.

फोन : 0542-2500324
9336929544
Email :
janmukh.vns@gmail.com

## भदोही समाचार

### इलाज में लापरवाही से महिला की मौत, सोने की बात कहकर 2 घंटे किया गुमराह



**बाबूसराय।** बाबूसराय बाजार के पूर्वी छोर स्थित न्यू ममता अस्पताल में बृहस्पतिवार की इलाज के दौरान मरीज सरोजा यादव (28) की मौत हो गई। मौत के बाद अस्पताल के कर्मचारी महिला के नींद में होने का बहाना बनाकर दो घंटे तक परिजनों को गुमराह करते रहे। इसके बाद डॉक्टर, कर्मचारी भाग गए। आक्रोशित परिजनों ने अस्पताल के सामने हंगामा किया। मामले में सीएमओ डॉ. एसके चक ने जांच के लिए चार सदस्यीय टीम गठित कर दी है। मृतका के पति अनिल ने डॉक्टरों पर लापरवाही का आरोप लगाया है। ज्ञानपुर के बैरा असनाव बाजार निवासी अनिल यादव की पत्नी सरोजा यादव कुछ दिन पहले अपने मायके इटवा गांव आई थी। बच्चेदानी में गांठ की शिकायत होने पर डॉक्टरों ने ऑपरेशन करने की सलाह दी थी। बुधवार को वे अपनी मां के साथ बाबूसराय के पूर्वी छोर स्थित न्यू ममता अस्पताल में डॉक्टर को दिखाने पहुंची। डॉक्टरों ने बच्चेदानी में गांठ का ऑपरेशन किया। ऑपरेशन के बाद दर्द अधिक होने के कारण बृहस्पतिवार की सुबह पांच बजे अस्पताल की महिला कर्मचारी ने दर्द का इंजेक्शन लगाया। आरोप है कि इलाज में लापरवाही से मरीज सरोजा यादव की मौत हो गई। कर्मचारियों ने महिला के सोने का बहना बनाकर दो घंटे तक परिजनों को गुमराह किया।

## सोनभद्र समाचार

### पटरी पर उतरने से गड्ढे में गई बाइक, युवक की मौत

**हाथीनाला।** चोपन थाना क्षेत्र के कोटा ग्राम पंचायत (टोला डहकूडंडी) के पास तेलगुड़वा-कोन मार्ग पर बुधवार की रात सड़क ऊंची होने से गहरी पटरी में जाने से बाइक बेकाबू हो गई। इससे बाइक सवार बॉबी कुमार (18) की गिरने से मौत हो गई। बुधवार की देर शाम घर से यह कहकर निकला था कि वह ठेकेदार से काम के सिलसिले में मिलने जा रहा था। कोटा बाजार में मिलने की बात तय हुई थी। पन्नूगंज थाना क्षेत्र के देवरा गांव निवासी बॉबी कुमार बुधवार की रात बाइक से तेलकुड़वा-कोन मार्ग का निर्माण करा रहे ठेकेदार से काम के सिलसिले में मिलने चोपन थाना क्षेत्र के कोटा बाजार जा रहा था। टोला डहकूडंडी के पास सड़क किनारे की पटरी गहरी होने के कारण उसकी बाइक अनियंत्रित हो गई।

## आजमगढ़ समाचार

### न केवाईसी हो रही...न सिलिंडर की बुकिंग, गैस एजेंसी सीज होने के बाद बढ़ी मुश्किलें, कंज्यूमर परेशान



**आजमगढ़।** अहरौला के लेदौरा स्थित इंडियन गैस एजेंसी पर हुई प्रशासनिक कार्रवाई के बाद अब उपभोक्ताओं के सामने बड़ा संकट खड़ा हो गया है। एजेंसी सीज होने के बाद उपभोक्ताओं को तहबरपुर गैस एजेंसी से अटैच तो कर दिया गया, लेकिन तकनीकी खामियों और समन्वय की कमी के कारण उन्हें सिलिंडर नही मिल पा रहा है। वे न घर के रहे, न घाट के। बीते 27 मार्च को क्षेत्रीय पूर्ति निरीक्षक कृष्ण कुमार मिश्रा के नेतृत्व में एक टीम ने लेदौरा स्थित गैस एजेंसी पर छापा मारा था। जांच के दौरान स्टॉक में 614 गैस सिलेंडरों की कमी पाई गई, जिसे कालाबाजारी का मामला मानते हुए प्रशासन ने तत्काल प्रभाव से एजेंसी को सीज कर दिया था। उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए उनका कनेक्शन तहबरपुर स्थित गैस एजेंसी से संबद्ध (अटैच) कर दिया गया था। सरकारी आदेश के बावजूद लेदौरा एजेंसी के उपभोक्ताओं को राहत नहीं मिल पा रही है। तहबरपुर एजेंसी पर उपभोक्ताओं की केवाईसी प्रक्रिया पूरी नहीं हो पा रही है। सिस्टम अपडेट न होने या अन्य तकनीकी कारणों से गैस सिलिंडर की बुकिंग नहीं हो रही है। परेशान उपभोक्ता कभी लेदौरा एजेंसी के बंद दफ्तर जा रहे हैं, तो कभी तहबरपुर एजेंसी की दौड़ लगा रहे हैं।

## गोरखपुर समाचार

### पुलिस अधिकारी बनकर 16 हजार रुपये लिए, अब कर रहा ब्लैकमेल

**गोरखपुर।** एक लड़की के साथ ब्लैकमेलिंग का मामला सामने आया है। अंजान व्यक्ति ने पुलिस अधिकारी बनकर 18 साल की युवती के नंबर पर कॉल किया। लड़की को डराते हुए बोला कि अश्लील वीडियो देखती हो, अभी घर पर पुलिस भेज रहा हूं। यह सुनकर लड़की डर गई। इसके बाद लड़की से न्यूड वीडियो बनवाया। उसे लेकर अब लड़की से पैसे मांग रहा है। युवती ने डरकर 16 हजार रुपये भी भेज दिए हैं। इसके बाद भी और पैसे की डिमांड कर रहा है। युवती के भाई ने गुरुवार को शाहपुर थाने में तहरीर देकर अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। शाहपुर पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है। घटना के बाद अवसाद में रहती है युवती, भाई ने मुकदमा दर्ज कराया।

## गाजीपुर समाचार

### सड़क पर बिखरे जूते-चप्पल, कपड़ों पर लगे खून के धब्बे बयां कर रहे थे हादसे की कहानी



**गाजीपुर।** जिले में बस हादसे के बाद सभी घायलों का अस्पताल में इलाज चल रहा है। जिले के अधिकारियों द्वारा मामले की लगातार निगरानी की जा रही है। उधर हादसे में घायल लोगों के परिजनों को अपनों की चिंता सता रही है।

वाराणसी- गोरखपुर फोरलेन नौसारे गांव के पास हुए सड़क हादसे में दो महिलाओं की मौत और 38 श्रद्धालु घायल हुए। सड़क पर बिखरे जूते- चप्पल, बस का टूटा दरवाला और बिखरे पड़े शीशे के टूकड़े से हादसे की भयावहता साफ झलक रही थी। इधर, अपनों की तलाश में मेडिकल कॉलेज अस्पताल में आए तीर्थयात्रियों के कपड़ों पर लगे खून के धब्बे हादसे की कहानी बयां कर रहे थे। अस्पताल में भर्ती घायल लोग दर्द से कराह रहे थे। आईसीयू और सर्जरी वार्ड में भर्ती घायलों के उपचार को लेकर डॉक्टरों की टीम जुटी हुई थी। सुबह करीब 11 बजे जैसे ही बस के दुर्घटनाग्रस्त होने की सूचना मिली। एडीएम दिनेश कुमार, एएसपी सिटी डॉ राकेश मिश्र, सीएमओ डा. एसके पांडेय, प्राचार्य प्रोफेसर आनंद मिश्रा मेडिकल कॉलेज अस्पताल के आपातकक्ष में पहुंच गए।

## सुल्तानपुर समाचार

### अयोध्या डोगरा रेजीमेंट से सैन्य अफसर पहुंचे बलिदानी के गांव

**बंधुआकला।** कश्मीर के कुपवाड़ा में सर्च ऑपरेशन के दौरान गोली लगने से घायल मझना के राधे कृष्ण शुक्ल के पुत्र नायक अखिलेश शुक्ल की बुधवार को दिल्ली स्थित सेना अस्पताल में मौत हो गई थी। बृहस्पतिवार को परिजन शव आने का इंतजार करते रहे। डोगरा रेजीमेंट अयोध्या से दो सेना के अफसर गांव पहुंचकर परिजनों से मिले। अखिलेश करीब तीन साल पहले सेना के 33 वर्कशॉप ईएमई कोर में नायक के पद पर भर्ती हुए थे।

बीती 28 मार्च को कुपवाड़ा में साथियों के साथ एक सर्च ऑपरेशन में उनको गोली लग गई थी। गंभीर रूप से घायल अखिलेश का इलाज दिल्ली स्थित सेना के हॉस्पिटल में चल रहा था। अभी शव आने का इंतजार किया जा रहा है। देर शाम तक उनका शव घर नहीं पहुंचा था। शुक्रवार को सैन्य सम्मान के साथ उनका अंतिम संस्कार किया गया।

## मीरजापुर समाचार

### निराश्रित व असहाय गौवंश के संरक्षण, संवर्धन एवं समुचित देखभाल के लिए सरकार द्वारा चलाए जा रहे बहुआयामी योजनाएं -महेश कुमार शुक्ल




**मीरजापुर।** जनपद में निराश्रित गौवंशो की सेवा, संवर्धन, संरक्षण की समुचित देखभाल एवं गौशालाओं मे और सुधार करने के दृष्टिगत अष्टभुजा निरीक्षण गृह में राज्य गौ सेवा आयोग के मा0 उपाध्यक्ष महेश कुमार शुक्ल एवं आयोग के मा0 सदस्य दीपक गोयल ने जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार सहित जनपद के विभिन्न विभागों के अधिकारियो के साथ बैठक कर गौशालाओं में गौवंशो की स्थिति में सुधार, आहार, पेयजल एवं चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराने के दृष्टिगत बिन्दु-वार समीक्षा कर जानकारी ली। इस अवसर पर मा0 उपाध्यक्ष राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग सोहन लाल श्रीमाली, जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार, पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक व मुख्य विकास अधिकारी विशाल कुमार उपस्थित रहें। उन्होंने कहा कि गौ आश्रय स्थलों में आगामी वृक्षारोपण अभियान के तहत वृहद वृक्षारोपण कराया जाए तथा गौवंशो को पौष्टिक आहार, पेयजल तथा समय-समय पर चिकित्सीय व्यवस्था को और सुधार करने पर बल देते हुए कहा कि सम्बन्धित चिकित्सक बीमार गौवंशो के लिए पृथक कक्ष की व्यवस्था कर उन्हें अलग रखते हुए उपचार सुनिश्चित कराएं। उन्होंने कहा कि गौवंशो को वर्षभर हरा चारा उपलब्ध कराने के दृष्टिगत गोचर भूमि पर हरा चारा बोने की व्यवस्था की जाए इसके अतिरिक्त गौशालाओ के आस पास किसानो से समन्वय स्थापित कर यदि वे इच्छुक हो तो लीज पर भूमि लेकर हरा चारा बुआने की व्यवस्था सुनिश्चित कराई जाए। मोबाइल वेटनरी युनिट की समीक्षा के दौरान चिकित्साधिकारी लालगंज डाक्टर मंगला प्रसाद व डाक्टर अजय कुमार गौतम से मोबाइल पर वार्ता कर लाइव लोकेशन की जानकारी ली। सहभागिता योजना के तहत उन्होंने मुख्य पशु चिकित्साधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि योजना के तहत अधिक से अधिक किसानो/इच्छुक व्यक्तियों के साथ ही संत समाज जो इच्छुक हो उन्हें नियमानुसार गौशालाओ से गौवंश को दिया जाए यह भी कहा कि गौवंश को देते समय व्यक्ति के बारे में सत्यापन भी किया जाए ताकि गलत व्यक्ति के पास गौवंश न जाने पर सहभागिता योजना के तहत बताया गया कि जनपद में अब तक 518 पशु पालक/कृषको को 1645 गौवंशो की सुपुर्दगी में दिए गए है। योजनान्तर्गत 50 रूपये प्रति गौवंश प्रतिदिन से भुगतान किए जाने की व्यवस्था है।

## बलिया समाचार

### बेल्थरारोड रेलवे स्टेशन का जीएम ने किया निरीक्षण

**बलिया/बेल्थरारोड।** पूर्वोत्तर रेलवे के महाप्रबंधक उदय बोरवणकर ने बृहस्पतिवार को गोरखपुर-मऊ रेलखंड का निरीक्षण किया। इस दौरान बेल्थरारोड रेलवे स्टेशन के चल रहे पुनर्विकास कार्यों का भी निरीक्षण किया।

उन्होंने स्टेशन परिसर, टिकट काउंटर, पार्किंग व्यवस्था और यात्री सुविधाओं का जायजा लिया तथा साफ-सफाई, सुरक्षा और व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने के निर्देश दिए। फुटओवर ब्रिज को तय समय के अंदर गुणवत्ता पूर्वक पूरा करने के निर्देश दिए। महाप्रबंधक ने बेल्थरा रोड स्टेशन यार्ड में पॉइंट्स का सेफ्टी निरीक्षण किया। इस दौरान कहा कि यात्रियों को बेहतर और आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए विकास कार्यों में तेजी लाई जाएगी। इस दौरान अधिवक्ता देवेंद्र गुप्ता ने स्टेशन के समग्र विकास को लेकर जीएम को 15 सूत्री मांग पत्र भी सौंपा।

## देवरिया समाचार

### 19 युवक और युवतियां हिरासत में, आपत्तिजनक सामग्री भी हुई बरामद



**देवरिया।** सदर कोतवाली क्षेत्र के रुद्रपुर मोड़ स्थित एक स्पा सेंटर पर गुरुवार को पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए छापा मारा। क्षेत्राधिकारी संजय रेड्डी और कोतवाल राकेश कुमार राय के नेतृत्व में पहुंची पुलिस टीम ने मौके से आठ युवतियों और छह युवकों को संदिग्ध परिस्थितियों में हिरासत में लिया। सभी को पूछताछ के लिए कोतवाली लाया गया है। वहीं सलेमपुर सीओ मनोज कुमार ने नायब तहसीलदार गोपाल जी के साथ रामपुर मोड़ स्थित स्पा सेंटर पर छापेमारी की। यहां तीन युवतियां और दो युवक मिले। मामले को गंभीरता से लेते हुए सीओ मकान मालिक और स्पा सेंटर संचालक पर कार्रवाई में जुट गए हैं। साथ पकड़ी गईं युवतियों को चेतावनी देते हुए उनके परिजन को बुलाकर सुपुर्द कर दिया। जिले की पुलिस को लंबे समय से शिकायतें मिल रही थीं कि स्पा सेंटर की आड़ में अनैतिक गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। इसी सूचना के आधार पर योजनाबद्ध तरीके से बृहस्पतिवार को पुलिस ने एक साथ विभिन्न जगहों पर दबिश दी। छापेमारी के दौरान मौके से आपत्तिजनक सामग्री बरामद होने की भी बात सामने आई है, जिसकी जांच की जा रही है। सदर कोतवाली पुलिस ने सीओ संजय रेड्डी की मौजूदगी में रुद्रपुर मोड़ स्थित एक स्पा सेंटर से कई युवक-युवतियों को संदिग्ध परिस्थितियों में हिरासत में लिया। सभी को पूछताछ के लिए कोतवाली लाया गया है। इसी क्रम में सलेमपुर क्षेत्र में भी सीओ मनोज कुमार ने नायब तहसीलदार गोपालजी के साथ रामपुर मोड़ स्थित स्पा सेंटर पर छापा मारा, जहां से तीन युवतियों और दो युवकों को हिरासत में लिया गया।

## चंदौली समाचार

### कक्षा 9 से 12 तक ऑनलाइन हाजिरी अनिवार्य, नए सत्र से लागू होगी व्यवस्था

**चंदौली।** नए शैक्षिक सत्र 2026-27 की शुरुआत के साथ ही माध्यमिक विद्यालयों में छात्रों की उपस्थिति अब ऑनलाइन दर्ज की जाएगी। इसके लिए परिषद के पोर्टल पर विद्यार्थियों का पूरा विवरण अपलोड किया जाएगा। जिला विद्यालय निरीक्षक (डीआईओएस) देवेंद्र सिंह ने बताया कि इस व्यवस्था के तहत कक्षा 9 से 12 तक के सभी छात्रों की उपस्थिति शत-प्रतिशत ऑनलाइन दर्ज करना अनिवार्य होगा। इसके साथ ही शिक्षकों और शिक्षणेत्तर कर्मचारियों की उपस्थिति भी पोर्टल पर दर्ज की जाएगी। जिले में 26 राजकीय, 34 अशासकीय और 188 वित्तविहीन विद्यालय संचालित हैं। अधिकारियों के अनुसार, ऑनलाइन उपस्थिति व्यवस्था लागू होने से स्कूल से दूरी बनाने वाले छात्र-छात्राओं पर प्रभावी निगरानी रखी जा सकेगी। बोर्ड परीक्षाओं में शामिल होने के लिए 75 प्रतिशत उपस्थिति अनिवार्य है।

## मऊ समाचार

### एक ही गांव के तीन युवकों की मौत, अस्पताल में खाना पहुंचाकर लौट रहे थे तीनों दोस्त



**मऊ।** जिले के घोसी कोतवाली के जामडीह के पास बृहस्पतिवार की रात 11 बजे तेज रफ्तार बोलेरो की टक्कर से बाइक सवार तीन दोस्तों की मौत हो गई। तीनों एक ही बाइक से घर लौट रहे थे। सूचना पर पहुंची पुलिस ने पंचनामा बनाकर शव को जिला अस्पताल भिजवाया।

मधुबन थाना क्षेत्र के बीबीपुर गांव निवासी बेचन यादव (30), प्रमोद यादव (28) और आजाद यादव (32) बृहस्पतिवार की रात घोसी स्थित निजी अस्पताल में दोस्त को खाना पहुंचाने गए थे। दोस्त की पत्नी ने बच्चे को जन्म दिया था, जिसके चलते अस्पताल में भर्ती थी। तीनों एक ही बाइक से खाना पहुंचाकर घर लौट रहे थे। अभी जामडीह के पास पहुंचे थे कि सामने से आ रही तेज रफ्तार बोलेरो ने बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि तीनों बाइक सहित 20 मीटर दूर जा गिरे।

दुर्घटना के बाद चालक बोलेरो छोड़कर भाग गया। एक ही गांव के तीन युवकों की मौत की सूचना मिलते ही गांव में मातम पसर गया। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक प्रमेंद्र सिंह ने बताया कि बोलेरो को सीज कर लिया गया है। तहरीर के आधार पर अज्ञात वाहन चालक के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है।

### कंपनी में तैनात गार्ड की हत्या, खेत में मिला शव

**मऊ।** सरायलखंसी थाना क्षेत्र के रणवीरपुर गांव में सड़क किनारे खेत में बृहस्पतिवार की सुबह शिवम सिंह (25) का शव मिला। उनके सिर पर गहरे चोट के निशान थे, जिससे पुलिस हत्या की आशंका जता रही है। पुलिस ने शव का पंचनामा बनाकर जिला अस्पताल भेज दिया है।करीब 8 घंटे बाद शव की पहचान हुई।

## प्रयागराज समाचार

### हाईकोर्ट पानी टंकी के पुराने पुल से बंद हुआ आवागमन, शीघ्र शुरू होगी ध्वस्तीकरण की कार्रवाई




**प्रयागराज।** हाईकोर्ट पानी की टंकी से खुसरोबाग लीडर रोड को जोड़ने वाला पुराना रेलवे ओवर ब्रिज शुक्रवार से हमेशा के लिए बंद कर दिया गया है। पूरी तरह से जर्जर हो चुके 100 साल से ज्यादा पुराने इस पुल को तोड़कर दूसरे पुल का निर्माण कराया जाएगा। नए पुल की स्वीकृति भी मिल गई है जिसे 2028 तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है।

दिल्ली-हावड़ा रूट पर प्रयागराज जंक्शन के पास बना यह सौ साल से पुराना यह आरओबी शहर के लूकरगंज, हिम्मतगंज, चकिया, खुल्दाबाद, अटाला, प्रयागराज जंक्शन, लीडर रोड, जानसेनगंज, विवेकानंद मार्ग, रामबाग, कालिंदीपुर, सूबेदारगंज, धूमनगंज, राजरूपपुर, बेनीगंज, रोशनबाग, ट्रिपलआईटी आदि इलाकों को जोड़ता है। पुल को तोड़ने के लिए एनसीआर रेलवे और जिला प्रशासन की ओर से सार्वजनिक सूचना जारी कर दी गई है। पुल का निर्माण राजकीय सेतु निर्माण निगम की ओर से कराया जाएगा। रेलवे ट्रैक के ऊपर के हिस्से का कार्य रेलवे की ओर से कराया जाएगा। शुक्रवार से पुल के दोनों तरफ बैरिकेडिंग लगाकर आवागमन पूरी तरह से बंद कर दिया गया है। यहां तक की पैदल जाने वालों को भी पुल से जाने की अनुमति नहीं है।

## जौनपुर समाचार

### 25 लाख में दफन हुई दो मजदूरों की मौत? परिजनों और कंपनी के बीच हुआ समझौता



**केराकत (जौनपुर)।** देवकली बाजार के समीप चौकिया शिवालय के पास गैस पाइपलाइन मरम्मत के दौरान हुए भीषण हादसे ने सुरक्षा मानकों पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। करीब 30 फीट गहरे गड्ढे में मिट्टी धंसने से दबे दो मजदूरों, प्रिंस कुमार (20) और निरंजन महतो (32) की मौत के बाद मामला कानूनी कार्रवाई के बजाय आर्थिक समझौते की भेंट चढ़ गया। बृहस्पतिवार तड़के जब बिहार से मृतकों के परिजन केराकत पहुंचे, तो घटनास्थल पर काफी देर तक चीख-पुकार और हंगामा मचा रहा। हालांकि, कार्यदायी संस्था और परिजनों के बीच लंबी मान-मनौव्वल का दौर चला, जो अंततः सुलह में तब्दील हो गया। समझौते के तहत कंपनी ने दोनों मृतक आश्रितों को 12.50-12.50 लाख रुपये की आर्थिक मदद दी, जिसके बाद परिजनों ने पुलिस में कोई भी लिखित शिकायत दर्ज नहीं कराई। अडानी टोटल गैस लिमिटेड की पाइपलाइन में लीकेज ठीक करने के लिए तीन मजदूर 30 फीट गहरे गड्ढे में काम कर रहे थे। इसी दौरान जेसीबी से मिट्टी निकालने के दौरान किनारे का बड़ा हिस्सा धंस गया। एक मजदूर शशि रंजन तो किसी तरह बच निकला लेकिन निरंजन और प्रिंस मलबे में दब गए। एनडीआरएफ, फायर ब्रिगेड और पुलिस की घंटों की मशक्कत के बाद देर रात उनके शव निकाले जा सके थे। दो जवान युवकों की मौत के बावजूद पीड़ित पक्ष की खामोशी और कार्यदायी संस्था की लापरवाही पर किसी भी आधिकारिक कार्रवाई का न होना क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों और आम लोगों के बीच चर्चा का विषय बना हुआ है। पोस्टमार्टम के बाद कागजी कार्रवाई पूरी कर परिजन भारी मन से शवों को लेकर बिहार रवाना हो गए। हादसे में जान गंवाने वाले प्रिंस (20) की अभी शादी भी नहीं हुई थी। उनके पिता लल्लन राय खेती कर परिवार का भरण-पोषण करते हैं, जबकि माता शकुंतला देवी गृहिणी हैं।

**अदालती नोटिस ज्ञानपुर**

हेतु संदर्शित करने की सूचना (साधारण पारूप)
न्यायालय सिविल जज जू.डि. भदोही।
नं.मु.1106 दीवानी सन् 2025 ई.
रविशंकर दूबे बनाम उत्तर प्रदेश सरकार
रविशंकर दूबे पुत्र स्व. माता जतन निवासी गोसाईपुर अजयपुर ता.चौथार तहसील व जिला भदोही...वादी
बनाम
1.उत्तर प्रदेश राज्य वजरिये कलेक्टर महोदय भदोही, 2.उपजिलाधिकारी महोदय भदोही, 3.तहसीलदार महा-दय भदोही।
चूंकि उपरिनामांकित ने इस न्यायालय में आवेदन किया है कि अतएव आपको एतद्द्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप उक्त आवेदन हेतु सन्दर्शित करने के लिए 2026 के 5 के 14 के 10 दिवस को बजे पूर्वान्ह में स्वयं या सम्यक रूपेण अनुदृष्टि अपने अधिवक्ता द्वारा उपसंजात हो और ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय सुना जायेगा अवधारित किया जायेगा। मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित आज के के दिवस को निकाली गई।
**आज्ञा से- सिविल जज जू.डि. भदोही।**

**अदालती- नोटिस, गाजीपुर**

न्यायालय सिविल जज (सि0 डि0) गाजीपुर।
मूल वाद सं0 195/2024
चाँदनी मौर्या उम्र लगभग 43 वर्ष पत्नी शिवबोध कुशवाहा ग्राम व पोस्ट देवकली थाना नन्दगंज परगना व तहसील सैदपुर जिला गाजीपुर वादीनी
बनाम
1.राहुल मौर्या उम्र लगभग 24 वर्ष पुत्र शिवबोध कुशवाहा 2. रोहित कुशवाहा उम्र लगभग 20 वर्ष पुत्र शिवबोध कुशवाहा समस्त निवासीगण ग्राम व पोस्ट देवकली थाना नन्दगंज परगना व तहसील सैदपुर जिला गाजीपुर 3. भूमि प्रबंधक समिति / ग्रामसभा देवकली तहसील सैदपुर जिला गाजीपुर उत्तर प्रदेश वजरिये अध्यक्ष भूमि प्रबंधक समिति/ग्राम प्रधान ग्रामसभा देवकली परगना व तहसील सैदपुर जिला गाजीपुर 4. उ0प्र0 सरकार वजरिये जिलाधिकारी महोदय गाजीपुर प्रतिवादीगण
आवेदिका चाँदनी मौर्या द्वारा अपने लापता पति शिवबोध कुशवाहा पुत्र कवलधारी निवासी ग्राम व पोस्ट देवकली थाना नन्दगंज परगना व तहसील सैदपुर जिला गाजीपुर जो माह जनवरी 2013 से लापता है, की सिविल मृत्यु के उद्घोषणा हेतु वाद संस्थित किया गया है। अतः सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि लापता शिवबोध कुशवाहा पुत्र कवलधारी निवासी ग्राम व पोस्ट देवकली थाना नन्दगंज परगना व तहसील सैदपुर जिला गाजीपुर को जीवित होने या देखे जाने की सूचना हो तो नियत तिथि 29.04.2026 को उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत करे। ता. 30 माह 03 सन् 2026 ई.
**न्यायालय की आज्ञा से- मुन्सरिम**

**नोटिस**

हेतु संदर्शित करने की सूचना (साधारण प्रारूप)
न्यायालय सिविल जज (सी0डि0) जौनपुर।
वाद सं0–518/2025
फरहज अमीन अलवी–बनाम इकबाल बिन मोहम्मह अलवी
1.इकबाल बिन मोहम्मद अलवी पुत्र स्व0 शेख मोहम्मद 2.अनवर इकबाल अलवी 3.मोहम्मद सादीक अलवी 4.मोहम्मद साजिद अलवी 5.इबादुर्रहमान अलवी पुत्रगण स्व0 ओवैस बिन मोहम्मद अलवी निवासी मोहल्ला अजमेरी पर0 हवेली तह0 सदर जिला जौनपुर 6.महमूद आलम पुत्र अब्दुल हमीद 7.हकीम शमीम अहमद पुत्र शमीम अहमद 8. शगुफा खान पुत्री महमूद आलम निवासी मोहल्ला कोतवाली नगर पंचायत मछलीशहर पर0 घिसुआ तह0 मछलीशहर जिला जौनपुर।
**ता0पेशी–06.05.2026 आपत्ति व निस्तारण**
चूंकि उपर नामांकित ने इस न्यायालय में आवेदन किया है अतएव आपको चेतावनी दी जाती है कि आप उक्त आवेदन के खिलाफ आपत्ति करने के लिये दिनांक 06.05.2026 आपत्ति व निस्तारण दिवस का अपरान्ह स्वयं या सम्पर्क रूपेण अपने अधिवक्ता व्दारा हाजिर हो। ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय सुना और अवधारित किया जायेगा। मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुहर सहित दिवस 2026ई0 को निक.ाली गयी।
**आज्ञा से– सिविल जज (सी0डि0) जौनपुर।**

**नोटिस**

हेतु संदर्शित करने की सूचना (साधारण प्रारूप)
न्यायालय सिविल जज जू0डि0 शहर जौनपुर।
मुत0वाद सं0–187/2024
रामदवर–बनाम–रामआसरे
1.रामआसरे 2.सभाजीत 3. रामसजीवन 4.रामसुख 5.कमलेश पुत्रगण रघुबर 6.रामलवट पुत्र रघुबीर सा0मौ0 सरायभानी पर0 गड़वारा तह0 बदलापुर जिला जौनपुर।
**ता0पेशी–25.04.2026 आपत्ति व निस्तारण**
चूंकि उपर नामांकित ने इस न्यायालय में आवेदन किया है अतएव आपको चेतावनी दी जाती है कि आप उक्त आवेदन के खिलाफ आपत्ति करने के लिये दिनांक 25.04.2026 आपत्ति व निस्तारण दिवस का अपरान्ह स्वयं या सम्पर्क रूपेण अपने अधिवक्ता व्दारा हाजिर हो। ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय सुना और अवधारित किया जायेगा।
मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुहर सहित दिवस 2026ई0 को निकाली गयी।
**आज्ञा से–सिविल जज जू0डि0 शहर जौनपुर।**

**सम्मन**

सम्मन वास्ते करारदाद उमूर तनकीह तलब (आर्डर 5 कायदा 1 व 5)
न्यायालय सिविल जज (सी0डि0) जौनपुर।
वाद सं0–811/2025
क्षितिज तिवारी–बनाम–गजेन्द्र पाण्डेय
1.गजेन्द्र पाण्डेय पुत्र स्व0 लालमणि पाण्डेय 2.विपिन पाण्डेय पुत्र नरेन्द्र पाण्डेय सा0मौ0 शाहापुर पो0 व थाना खेतासराय पर0 अंगुली तह0 शाहगंज जिला जौनपुर।
**ता0पेशी–20.04.2026 जवाबदेही व तनकीह**
हरगाह ने आपके नाम एक नालिष बावतके दायरकी है लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारीख 20.04.2026 जवाबदेही व तनकीह बवक्त बजे अदालत या मारफत अपने वकील के जो मुकदमा के हालात से करार वाकई वाकिब हो और कुल उमूरात अहम मुतलिका मुकदमा का जवाब दे सके या जिसके साथ कोई शक्स जवाब ऐसे सवालात का देने को हाजिर हो और जवाबदेही दावा को करे और दरगाह वही तारीख जो आपके इजहार के लिए मुकर्रर है के बावत इनफिसाल कर्त मुकदमा तजवीज हुई है और आपको लाजिम है कि आप उसी रोज जुमला दस्तावेज की जिनकी आप अपनी जवाबदेही के साथ इस्तेमाल करना चाहते हो पेश करें। आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर बरोज मुकर्रर आप और हाजिरी आपके मजयून और फैसला, बवक्त मेरे दस्तखत और मुहर अदालत के आज दिनांक माह सन 2026ई0 को जारी किया गया।
**आज्ञा से– सिविल जज (सी0डि0) जौनपुर।**

**सम्मन**

सम्मन वास्ते करारदाद उमूर तनकीह तलब (आर्डर 5 कायदा 1 व 5)
न्यायालय सिविल जज (सी0डि0) जौनपुर।
वाद सं0-932/2025
महेन्द्र प्रताप उपाध्याय-बनाम-आनन्द कुमार उपाध्याय
1.आनन्द कुमार उपाध्याय पुत्र राजेन्द्र प्रसाद उपाध्याय 2.श्रीमती अमरावती पत्नी स्व0 जनकधारी उपाध्याय 3.राजेन्द्र प्रसाद उपाध्याय पुत्र स्व0 जनकधारी उपाध्याय सा0मौ0 सराय विभार पर0 रारी तह0 बदलापुर जिला जौनपुर।
**ता0पेशी-03.07.2026 जवाबदेही व तनकीह**
हरगाह ने आपके नाम एक नालिश बावतके दायरकी है लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारीख 03.07.2026 जवाबदेही व तनकीह बवक्त बजे अदालत या मारफत अपने वकील के जो मुकदमा के हालात से करार वाकई वाकिब हो और कुल उमूरात अहम मुतलिका मुकदमा का जवाब दे सके या जिसके साथ कोई शक्सजवाब ऐसे सवालात का देने को हाजिर हो और जवाबदेही दावा को करे और दरगाह वही तारीख जो आपके इजहार के लिए मुकर्रर है के बावत इनफिसाल कतई मुकदमा तजवीज हुई है और आपको लाजिम है कि आप उसी रोज जुमला दस्तावेज की जिनकी आप अपनी जवाबदेही के साथ इस्तेमाल करना चाहते हो पेश करें। आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर बरोज मुकर्रर आप और हाजिरी आपके मजयून और फैसला,बवक्त मेरे दस्तखत और मुहर अदालत के आज दिनांक माह सन 2026ई0 को जारी किया गया।
**आज्ञा से- सिविल जज (सी0डि0) जौनपुर।**

**नोटिस**

हेतु संदर्शित करने की सूचना (साधारण प्रारूप)
न्यायालय सिविल जज (सी0डि0) जौनपुर।
वाद सं0–312/2024
पारसनाथ–बनाम–राजेन्द्र
1.राजेन्द्र प्रसाद 2.महेन्द्र प्रसाद 3.सजेन्द्र प्रसाद 4.रविन्द्र प्रसाद पुत्रगण सुबई सा0मौ0 जमुहर पर0 घिसुआ तह0 मछलीशहर जिला जौनपुर।
**ता0पेशी–24.04.2026 आपत्ति व निस्तारण**
चूंकि उपर नामांकित ने इस न्यायालय में आवेदन किया है अतएव आपको चेतावनी दी जाती है कि आप उक्त आवेदन के खिलाफ आपत्ति करने के लिये दिनांक 24.04.2026 आपत्ति व निस्तारण दिवस का अपरान्ह स्वयं या सम्पर्क रूपेण अपने अधिवक्ता व्दारा हाजिर हो। ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय सुना और अवधारित किया जायेगा।
मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुहर सहित दिवस 2026ई0 को निकाली गयी।
**आज्ञा से– सिविल जज (सी0डि0) जौनपुर।**

**सम्मन**

सम्मन वास्ते करारदाद उमूर तनकीह तलब (आर्डर 5 कायदा 1 व 5)
न्यायालय सिविल जज (सी0डि0) जौनपुर।
वाद सं0–312/2024
पारसनाथ–बनाम–राजेन्द्र
1.राजेन्द्र प्रसाद 2.महेन्द्र प्रसाद 3.सजेन्द्र प्रसाद 4.रविन्द्र प्रसाद पुत्रगण सुबई सा0मौ0 जमुहर पर0 घिसुआ तह0 मछलीषहर जिला जौनपुर।
**ता0पेशी–24.04.2026 जवाबदेही व तनकीह**
हरगाह ने आपके नाम एक नालिश बावतके दायरकी है लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारीख 24.04.2026 जवाबदेही व तनकीह बवक्त बजे अदालत या मारफत अपने वकील के जो मुकदमा के हालात से करार वाकई वाकिब हो और कुल उमूरात अहम मुतलिका मुकदमा का जवाब दे सके या जिसके साथ कोई शक्स जवाब ऐसे सवालात का देने को हाजिर हो और जवाबदेही दावा को करे और दरगाह वही तारीख जो आपके इजहार के लिए मुकर्रर है के बावत इनफिसाल कर्त मुकदमा तजवीज हुई है और आपको लाजिम है कि आप उसी रोज जुमला दस्तावेज की जिनकी आप अपनी जवाबदेही के साथ इस्तेमाल करना चाहते हो पेश करें। आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर बरोज मुकर्रर आप और हाजिरी आपके मजयून और फैसला,बवक्त मेरे दस्तखत और मुहर अदालत के आज दिनांक माह सन 2026ई0 को जारी किया गया।
**आज्ञा से–सिविल जज (सी0डि0) जौनपुर।**

## Summer Vacation में चाहिए सुकून? India के ये 5 Spa Resorts भगा देंगे सारी थकान



अगर आपको ट्रेवलिंग के साथ-साथ बेस्ट स्पा मिल जाए, तो इससे अच्छा और क्या होगा। बता दें कि भारत में कुछ जगहें ऐसी हैं, जहां पर घूमने के साथ-साथ देशी से लेकर विदेशी पर्यटक भी स्पा कराने के लिए आते हैं। ज्यादातर लोगों को शहर की भीड़भाड़ से दूर किसी शांत और सुकून भरी जगह पर समय बिताना पसंद होता है। लेकिन ट्रेवलिंग में भी लोगों को थकान हो जाती है। तो क्यों न आप कुछ ऐसी जगहों को एक्सप्लोर करें, जहां आप ट्रेवलिंग में बिना थके कैसे खुद के साथ बेस्ट टाइम बिता सकें। अगर आपको ट्रेवलिंग के साथ-साथ बेस्ट स्पा मिल जाए, तो इससे अच्छा और क्या होगा। बता दें कि भारत में कुछ जगहें ऐसी हैं, जहां पर घूमने के साथ-साथ देशी से लेकर विदेशी पर्यटक भी स्पा कराने के लिए आते हैं। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको उत्तराखंड से लेकर हिमाचल तक कुछ ऐसी जगहों के बारे में बताने जा रहे हैं, जहां पर आपको जिंदगी में एक बार स्पा कराने के लिए जरूर जाना चाहिए।

**आनंदा इन द हिमालय**

यहां पर देशी से लेकर विदेशी तक स्पा कराने के लिए आते हैं। कहा जाता है कि यहां पर स्पा थेरेपी लेने से कुछ ही मिनटों में आपकी थकान छूमंतर हो जाएगी। उत्तराखंड के गढ़वाल में यह जगह मौजूद है। ऐसे में आप कुछ रुपए खर्च कर यहां पर स्पा का मजा ले सकते हैं।

**खैबर हिमालयन रिज़ॉर्ट एंड स्पा, गुलमर्ग**

गुलमर्ग को 'फूलों की वादी' भी कहा जाता है। भारत में गुलमर्ग एक ऐसी जगह है, जहां पर एक बार आंख उठाकर किसी चीज को देख लेंगे, तो आपको वहां से नजरें हटाने का मन नहीं करेगा। यहां पर खैबर हिमालयन रिज़ॉर्ट एंड स्पा है, जहां कुछ दिन गुजारे जा सकते हैं। इस रिसॉर्ट में करीब 85 कमरें हैं। जहां से गुलमर्ग की बेहद खूबसूरत वादियां दिखाई देती हैं। ऐसे में अगर आप भी इस बार कश्मीर जाने का प्लान कर रही हैं, तो आपको इस स्पॉ में जरूर जाना चाहिए।

**वाइल्डफ्लावर हॉल**

वाइल्डफ्लावर हॉल में आपको भारत का बेस्ट स्पा कराने का मौका मिल सकता है। बता दें कि यह ओबेरॉय चैन का पार्ट है। यह जगह शिमला से करीब 40 मिनट की दूरी पर है। यहां पर आयुर्वेद बेस्ड ट्रीटमेंट और aromatherapy किए जाते हैं। वहीं इस जगह पर योगा भी कराई जाती है। इसलिए जब भी आप शिमला की ओर ट्रेवल करें, तो आप यहां जाकर स्पा करा सकती हैं।

**द हिमालयन स्पा रिसॉर्ट**

मनाली में मौजूद यह स्पा रिसॉर्ट है, जहां पर आप बेस्ट स्पा कराया जा सकता है। मनाली में ऐसी जगहें हैं, जहां पूरे साल ही टूरिस्ट की भीड़ लगती है। अगर आप 3-4 दिन का मनाली ट्रिप प्लान कर रही हैं, तो आप 'द हिमालयन स्पा रिसॉर्ट' ट्राई कर सकती हैं। मनाली में बर्फ से ढकी वादियों के बीच में अगर अच्छा सा स्पा भी मिल जाए, तो इससे बेहतर और क्या होगा।

**द टेरेसेस स्पा रिसॉर्ट**

मसूरी से कानताल ज्यादा दूर नहीं है। यहां पर 'द टेरेसेस स्पा रिसॉर्ट' है, जहां पर स्पा थेरेपी दी जाती है। यह रिसॉर्ट में करीब 20 कमरे हैं, कमरों का डिजाइन भी काफी सुंदर है। यह रिसॉर्ट जंगल के बीचो-बीच बना हुआ है। इस वजह से यहां पर काफी शांति रहती है। ऐसे में अगर आप कभी मसूरी का ट्रिप प्लान कर रही हैं, तो आपको एक बार इस रिसॉर्ट में स्पा कराने के लिए जा सकती हैं।



## कैलाश यात्रा का New Route तैयार! बिना Passport-Visa ऐसे करें दर्शन, जानें Registration Process

**अगर आप भी इस बार बिना वीजा और पासपोर्ट के यह यात्रा करना चाहते हैं। तो ओम पर्वत और आदि कैलाश की यात्रा शानदार ऑप्शन है। लेकिन अगर आप वास्तविक कैलाश पर्वत और मानसरोवर झील के दर्शन करना चाहते हैं। तो वीजा और पासपोर्ट की जरूरत होगी।**

इस बार साल 2026 में कैलाश मनसरोवर की यात्रा को लेकर भक्तों के बीच में जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है। हर साल हजारों की संख्या में श्रद्धालु कैलाश पर्वत और मानसरोवर झील के दर्शन के लिए जाते हैं। आमतौर पर यह यात्रा चीन क्षेत्र में होने की वजह से वीजा और पासपोर्ट के जरिए से की जाती है। लेकिन भारत में एक रास्ता ऐसा है, जहां वीजा और पासपोर्ट की जरूरत नहीं पड़ती है। ऐसे में अगर आप भी इस बार बिना वीजा और पासपोर्ट के यह यात्रा करना चाहते हैं। तो ओम पर्वत और आदि कैलाश की यात्रा शानदार ऑप्शन है। लेकिन अगर आप वास्तविक कैलाश पर्वत और मानसरोवर झील के दर्शन करना चाहते हैं। तो वीजा और पासपोर्ट की जरूरत होगी।

**बिना पासपोर्ट और वीजा यात्रा**

आदि कैलाश और ओम पर्वत यात्रा भारत सरकार द्वारा संचालित उत्तराखंड मार्ग से की जाती है। इस मार्ग पर श्रद्धालु बिना पासपोर्ट-वीजा के यात्रा के लिए जा सकते हैं।

भारत की सीमा के अंदर ही यह यात्रा पूरी तरह होती है।

यह मार्ग उत्तराखंड के पिथौरागढ़ से होकर जाता है।

इस यात्रा में श्रद्धालु आदि कैलाश और ओम पर्वत के दर्शन करते हैं।

यह यात्रा तिब्बत स्थित मुख्य कैलाश पर्वत नहीं बल्कि भारत में स्थित पवित्र स्थलों की यात्रा है।

**क्या है आदि कैलाश**

इसको 'छोटा कैलाश' भी कहा जाता है। यह स्थल भगवान शिव का एक पवित्र स्वरूप माना जाता है। यहां का आध्यात्मिक वातावरण और प्राकृतिक सुंदरता श्रद्धालुओं को विशेष अनुभव प्रदान करता है।

**जानिए ओम पर्वत का महत्व**

इसकी खासियत यह है कि इसकी चोटी पर प्राकृतिक रूप से बर्फ से 'ऊँ' का आकार बनता है। यह दृश्य भक्तों के लिए आस्था और आकर्षण का केंद्र है।

**कब शुरू होगी यात्रा**

यह यात्रा आमतौर पर मई से सितंबर के बीच आयोजित होती है। जब मौसम अनुकूल होता है। साल 2026 के लिए ऑफिशियल डेट्स की घोषणा उत्तराखंड सरकार या फिर संबंधित पर्यटन विभाग द्वारा की जाएगी।

**यात्रा के लिए क्या है पात्रता**

उम्र 18 से 70 साल

भारतीय नागरिक होना चाहिए

मेडिकल फिटनेस सर्टिफिकेट

**वैध पहचान पत्र**

मुख्य कैलाश मानसरोवर यात्रा अगर कोई भक्त तिब्बत स्थित वास्तविक कैलाश पर्वत और मानसरोवर झील की यात्रा करना चाहता है, तो उसको पासपोर्ट, मेडिकल टेस्ट, चीनी वीजा और विदेश मंत्रालय द्वारा चयन प्रोसेस से गुजरना होता है। आमतौर पर भारत सरकार के विदेश मंत्रालय द्वारा यह यात्रा आयोजित की जाती है।

होम फैशन
रथयात्रा, वाराणसी
8573035762




बच्चों के डॉक्टर
मिनहाज चाइल्ड केयर
Dr. Minhaz Husain
MBBS, MD (Child Specialist)
पूर्व वरिष्ठ नवजात शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ (IMS-BHU)
www.minhazchildclinic.com
19A lane no 1, Ravindrapuri colony, Varanasi, UP - 221005
Mob.- 6387438255 / 8058811141

गुप्त रोग विशेषज्ञ
गुप्त रोग, ताकत जवानी
सर्वश्रेष्ठ आयुर्वेदिक क्लिनिक
राना डिस्पेन्सरी
डॉ. राना
Govt Regd. Estd, 1948
नि:संतान, धात रोग, स्वप्नदोष, नामर्दी, कमजोरी इत्यादि
60 वर्षीय अनुभवी से मिलकर लाभ उठायें
पता: टकसाल सिनेमा के सामने ( नियर ताज होटल ) नदेसर, वाराणसी
समय प्रात: 9 से रात्रि 8 बजे तक रविवार 9 से 1 बजे तक
Mob.: 6386935615, 7388779172

## Honeymoon Trip का है Plan, कम Budget में घूमें ये 7 खूबसूरत International Destinations



अगर आप भी कम बजट में विदेश में हनीमून मनाना चाहते हैं, तो आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको कुछ शानदार जगहों के बारे में बताने जा रहे हैं। जहां पर आप अपने हनीमून के लिए जा सकते हैं।

हर किसी की जिंदगी में शादी का पल सबसे खास होता है। ऐसे में इस दिन को यादगार बनाने के लिए लोग क्या कुछ नहीं करते हैं। मेकअप और ड्रेस से लेकर सुहागरात तक सब कुछ बहुत खास होता है। वहीं शादी के बाद कपल्स हनीमून जाने की प्लानिंग करते हैं। वहीं इस दौरान कपल एक-दूसरे के साथ क्वालिटी टाइम बिताते हैं। वहीं यही वह समय होता है, जब उनको एक-दूसरे को जानने का मौका मिलता है। ऐसे में अगर आप भी कम बजट में विदेश में हनीमून मनाना चाहते हैं, तो आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको कुछ शानदार जगहों के बारे में बताने जा रहे हैं। जहां पर आप अपने हनीमून के लिए जा सकते हैं।

**थाईलैंड**

थाईलैंड हनीमून के लिए बेस्ट है। ये जगह जितनी खूबसूरत है, उससे कहीं ज्यादा सस्ती भी है। आप कम बजट में यहां घूम सकती हैं। आप यहां क्राबी, फुकेट, कोह लांता जैसी जगहों पर अपने हस्बैंड के साथ घूम सकती हैं। यहां का स्ट्रीट फूड भी काफी फेमस है।

**नेपाल**

भारत के पड़ोसी देश नेपाल में भी घूमने के लिए कई खूबसूरत जगहें मौजूद हैं। नेपाल नेचुरल ब्यूटी का जीता-जागता उदाहरण है। आप यहां की हसीन वादियों के बीच रोमांस का भरपूर आनंद ले सकती हैं। नेपाल अगर आप जा रहे हैं, तो पोखरा जाना न भूलें।

**मॉरीशस**

मॉरीशस भी हनीमून के लिए एकदम सही है। अगर आप मॉरीशस जा रही हैं, तो आपको सेवन कलर्ड अर्थ, मॉर्न ब्राबांट और पॉम्पलमूस बोटैनिकल गार्डन जरूर एक्सप्लोर करना चाहिए। वहीं अगर आप एडवेंचर के शौकीन हैं, तो यह जगह आपके लिए जन्नत से कम नहीं है।

**इंडोनेशिया**

अगर आपका बजट कम है, तो आपको परेशान होने की जरूरत नहीं है। आप इंडोनेशिया आ सकती हैं। यहां पर आपको घूमने के लिहाज से कई जगहें मिल जाएंगी। आप इंडोनेशिया में कई हिंदू मंदिर भी देख सकती हैं और दर्शन करने जा सकती हैं।

**मलेशिया**

हनीमून के लिए मलेशिया भी बेहतरीन और शानदार जगहों में से एक है। मलेशिया कपल्स को खूब पसंद आती है। आप यहां पर बिना वीजा के 15 दिनों तक रह सकती हैं। मलेशिया का नजारा और खूबसूरती देखने लायक होती है।

**मालदीव**

मालदीव भी बेहद खूबसूरत जगह है। यहां पर सेलिब्रिटीज से लेकर आम लोग तक आते हैं। यहां के क्रिस्टल क्लियर वॉटर, ओवरवॉटर विला और कलरफुल मछलियां इस जगह को और भी शानदार और हसीन बनाती हैं। आ शाम के समय समुद्र के किनारे कैंडल लाइट डिनर भी कर सकती हैं।

**टोक्यो**

टोक्यो ऐसा शहर है, जहां पर आपको खूबसूरती के साथ मॉर्डन टेक्नोलॉजी भी देखने को मिलेगी। यहां पर आपको चेरी ब्लॉसम पार्क देखना चाहिए। वहीं रात में नियॉन लाइट से जगमगाती सड़कों पर भी घूम सकती हैं। टोक्यो हनीमून के लिए बेस्ट जगह है।

कार्ड एवं स्टेशनरी
शादी के कार्ड
खत्री स्टेशनर्स
साईं मंदिर के सामने, रामलीला मैदान के पास नदेसर, वाराणसी
मो.9335478047,9140457358

लेडिज सूट शॉप
Designer Salwar Suit Lancha Dress Materials
Shahnaz
GURUBAG, VARANASI PH 2390017

आल टाइप गारमेंट्स शॉप
NEW GENERATION
Exclusive Wear House
KIDS MENS TEENAGERS
Yadav katra, Dashashwamedh, vns. Ph. 2451389

मेडिकल शॉप
DIABETIC CARE POINT
Retailer Of All Kinds Of Medicines
C. 14/175-2, Amar Nagar, Sonia Road, Varanasi.
Varanasi- 945048570, 9936153614
Bharat Medicals

ज्योतिष एवं रत्न विशेषज्ञ
पहले देखे चमत्कार फिर दिल से करे नमस्कार
डॉ अनूप कुमार जायसवाल
कुंडली विशेषज्ञ, हस्तरेखा, फेस रीडिंग, कुंडली मिलान
रत्न रुद्राक्ष थेरेपिस्ट, वास्तु एवं फेंगशुई विशेषज्ञ
Indias No.1 Astrologer
Lokhandwala Branch 9324652370
Bandra Branch 8108888280
HEAD OFF. : SHOP No.-2, Shastri Nagar Complex, Sigra, Varanasi-221010
Tel.: 0542-2220532, Mob.: 09305462682

नाक, कान और गला रोग विशेषज्ञ
काशी ई.एन.टी. सेंटर
कान, नाक और गला रोग विशेषज्ञ
डॉ. अमरेन्द्र सिंह M.B.B.S., M.S. (ENT) Mumbai Fellow - Skull Base Surgery (Italy)
सिद्धिगिरीबाग (यूनियन बैंक के सामने) सिगरा, वाराणसी
Mob.: 7052111138, 7052111139, 0542-2411138

लिवर रोग विशेषज्ञ
समर्पण गैस्ट्रो एवं लिवर क्लिनिक
इलाज एवं सुविधाएं: पेट में दर्द, उल्टी, गैस्ट्रिक अल्सर,खूनी उल्टी, कब्ज, मल में रक्त, रक्तस्त्रावी, आईबीएस, आईबीडी, हेपेटाइटिस, पीलिया, लिवर सिरोसिस, लिवर एब्सेस, गैल स्टोन उपचार, अल्सर, आमाशय में छाला, अन्दरूनी रक्तस्त्राव और एंडोस्कोपी व कोलोनोस्कोपी।
परामर्श समय: 08:30 से 04:00 बजे तक
डॉ. शेखर पूरी MBBS, MD (IMS-BHU) DM (GASTRO.) SMS Jaipur
माहेश्वरी भवन के पास तुलसीपुर, महमूरगंज वाराणसी। मो. 9587794338

यूरोलॉजी विशेषज्ञ
ओंकार यूरोलॉजी सेन्टर एण्ड हॉस्पिटल
Dr. Amit Kumar MS.FICS M.ch (Urology) CONSULTANT UROLOGIST
डायलिसिस की सुविधा उपलब्ध
OPD Time 12 Pm to 2 Pm Mob: 8957650464
डी.63/13ए-5 अन्नपूर्णा कालोनी महमूरगंज, वाराणसी [नियर पासपोर्ट ऑफिस]

मानसिक रोग विशेषज्ञ
तनाव, अवसाद, घबराहट, बेचैनी,OCD याददाश्त कमजोर होना, स्किजोफ्रेनिया, बाइपोलर, गुस्सा, नींद की परेशानी, सिर दर्द, नशा करना, बच्चों और बड़ो की व्यवहारिक समस्याएं, आत्महत्या का विचार आना, माइग्रेन, न्यूरेल्जिया, सर्वाइकल, हाथ-पांव में झनझनाहट व मिर्गी जैसे अन्य मानसिक रोगों का इलाज उपलब्ध।
रवि न्यूरो सायकेट्री सेंटर (मल्टी स्पेशियलिटी हॉस्पिटल)
लेन नं.-16 रविन्द्रपुरी, वाराणसी मो. 8756837310/ 7880893030
डॉ. श्रेयांस द्विवेदी मानसिक रोग विशेषज्ञ MBBS,DPM, MD Neuropsychiatrist

हड्डी रोग विशेषज्ञ
डा. अनुपम श्रीवास्तव
डा. आरती दिव्या
X-ray in 250 Only
Fee Rs 250 Only
वात्सल्य हॉस्पिटल
जाइंट रिप्लेसमेंट, ट्रामा, आर्थ्रोस्कोपी ( लिगामेंट सर्जरी ) एवं स्पाइन सर्जरी
सिकरौल, वाराणसी। MOB.-9415227170